## एक नजर में

### शिक्षाविद स्व . ठाकुर वीरेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि निमित्त श्रद्धांजलि सत्संग वी 2 मॉल परिसर में होगा



**बुरहानपुर।** आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग का सत्संग आज खंडवा रोड पर ठाकुर शिवकुमार सिंह पेट्रोल पंप के पड़ोस में स्थित वीटू मॉल परिसर में होगा। संस्था के केंद्र प्रमुख और वरिष्ठ प्रशिक्षक संतोष देवताले तथा तारिकादेवी सिंह ठाकुर ने बताया कि शिक्षाविद स्वर्गीय ठाकुर वीरेन्द्रसिंह की पुण्यतिथि के निमित्त आज का यह श्रद्धांजलि सत्संग आयोजित किया गया है, जिसमें व्यक्ति विकास केंद्र के साधक भरत श्रॉफ, भरत रावल, राजेंद्र पवार, विजय दुंबानी, राजरानी मेहता,दीपाली पंडित,अश्विनी मेहता ईश्वरीय आराधना और गुरु भक्ति पर आधारित भजनों के साथ जीवन दर्शन के गीतों के माध्यम से स्वर्गीय ठाकुर वीरेन्द्र सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। प्रशिक्षक रविंद्र पंडित और स्नेहा मुंगी द्वारा आगामी 10 तारीख को श्रावण मास के निमित्त होने वाले रुद्र अभिषेक आयोजन की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी जाएगी तथा उपस्थित साधको को गुरू वाणी में ध्यान क्रिया भी कराई जाएगी तथा श्रावण मास के निमित्त ऊँ नमः शिवाय चेन्टिंग का मंत्र जाप भी होगा। सत्संग के आयोजक और संस्था से जुड़े हुए आदित्यवीर सिंह, देवसिंह ठाकुर, विश्वजीत सिंह ठाकुर,हर्षित ठाकुर और पूर्व विधायक ठाकुर सुरेन्द्र सिह शेराभैया ,योगेश सराफ,लक्ष्मण मित्तल व समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से सत्संग में उपस्थिति का आग्रह किया है।

### श्री वृहद गुजराती समाज द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण व महादेव अभिषेक आज

**बुरहानपुर।** श्री वृहद गुजराती समाज के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम एवं श्रावण मास के उपलक्ष में वृक्षारोपण व महादेव अभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, समाज के मीडिया प्रभारी गोपाल देवकर ने बताया कि यह कार्यक्रम श्री बृहद गुजराती समाज द्वारा पटेल रतिलाल बोरीवाला स्कूल की सहभागिता में पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक आस्था के संगम का एक विशेष आयोजन किया जा रहा है,आयोजन दिनांकरू 07 अगस्त 2025 को मोहना संगम महादेव परिसर में प्रातः 8.00 बजे से 10.00 बजे तक होगा। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह हरियाली का संकल्प हमारी मातृभूमि और जननी के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। साथ ही श्रावण मास के पावन अवसर पर महादेव का अभिषेक भी संपन्न किया जाएगा, जिससे प्रकृति और श्रद्धा का सुंदर संगम होगा। मोहना संगम परिसर की शांत धारा,ठंडी बयार और मिट्टी की सोंधी महक में वृक्षारोपण व अभिषेक का अनुभव सभी के लिए अविस्मरणीय होगा,इस अवसर पर समाज के अधिकांश परिवार के युवक, युवतियां और बच्चे भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे,समाज अध्यक्ष मनोज तारवाला ने बताया कि इस कार्यक्रम में अधिकांशतः त्रिवेणी पौधे के साथ साथ आम और नीम के पौधे व फ्लदार ,छायादार पौधे लगाए जाएंगे। सभी समाजजन उपस्थित होकर इस हरित एवं आध्यात्मिक महायज्ञ में सक्रिय भागीदारी देंगे।

### शासकीय मराठी,हिंदी माध्यमिक शाला सिंदिपुरा शिक्षक सतीश इंगले की सेवानिवृत्ति पर स्वागत



**बुरहानपुर।** शासकीय मराठी / हिन्दी माध्यमिक शाला सिंदिपुरा बुरहानपुर से शिक्षक सतीश इंगले दिनांक 31 जुलाई 2025 को 39 वर्ष की सेवा पुर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। शाला परिवार द्वारा सतीश इंगले उनके सुपुत्र यश इंगले ,सुपुत्रि रसिका इंगले ,उनकी बहन श्रीमती सविता ,इनका स्वागत कर सतीश इंगले सर को शाल श्रीफल ,ड्रेस ,सूटकेस बैग देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार से दीपक डोले बीएसीए ,अनिल बाविस्कर बीएसीए ,सोमेश्वर दलाल सर ,पूर्व प्रधान पाठिका नूरसबाह मेडम ,अमर पाटिल , वंदना त्रिवेदी मेडम, सीमा चौहान मेडम, गुंजनबाला ठाकुर मेडम,श्रीमती धानु कारोले मेडम,अनिल सातव, स्मिता मुलतकर एवं संस्था के 225 छात्रों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर माल्यार्पण कर सतीश इंगले सर का स्वागत कर अभिनंदन किया गया उसके पश्चात अमर पाटिल द्वारा इंगले सर का जीवन परिचय दिया गया दीपक डोले सर द्वारा गीत गाकर उदबोधन भी दिया गया।

नूरसबाह मेडम, अनिल बाविस्कर,अनिल सातव द्वारा उदबोधन देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की सीमा चौहान मेडम द्वारा सर के सम्मान में एक कविता कही गईए सतीश इंगले सर द्वारा छात्रों को उज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देकर आशीर्वाद के साथ अपनी ओर से सभी छात्र छात्राओं को बिस्किट पैकेट दिये साथ ही स्टॉफ को धन्यवाद दिया और संस्था के छात्र ध् छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ,यश सतीश इंगले अच्छे आयोजन के लिए संस्था और छात्र छात्राओं का धन्यवाद दिया गया अंत में संस्था के प्रधान पाठक सोमेश्वर दलाल सर द्वारा सभी अतिथियो का,शिक्षक और छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया गयाएकार्यक्रम का सफ्ल संचालन संस्था की वंदना त्रिवेदी मेडम द्वारा किया गया।

### चार साल की मासूम मंडी चौक में मिली अकेली, कोतवाली पुलिस ने मिलाया मां से



**बुरहानपुर।** दिनांक 06 अगस्त 2025 को कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंडी चौक में एक लगभग चार वर्षीय बच्ची अकेली व डरी हुई हालत में भटकती हुई पाई गई। स्थानीय नागरिकों द्वारा इसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुँची और बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। बच्ची बेहद घबराई हुई थी और अपना नाम या पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी।

पुलिस द्वारा मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी सीताराम सोलंकी द्वारा स्टाफको बच्ची के परिवार के बारे में जानकारी एकत्रित करने हेतु बताया गया। जिसमें एसआई विनोद गौड़, प्रधान महिला आरक्षक लीला तोमर, आरक्षक महेंद्र प्रताप, कारण डोडिया,सैनिक सलीम शेख इन सभी ने बिना वक्त गंवाए परिजनों की खोजबीन शुरू की। कुछ ही देर में मासूम की मां का पता लगाया गया। बच्ची को सुरक्षित उसकी मां के सुपुर्द किया गया। बच्ची की मां ने बताया कि वह बाजार में खरीदारी कर रही थी, उसी दौरान भीड़भाड़ में बच्ची उससे अलग हो गई थी। समय पर मिली पुलिस सहायता के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। कोतवाली पुलिस द्वारा दिखाई गई तत्परता और संवेदनशीलता प्रशंसनीय है,जिसने न केवल एक मां को उसकी बच्ची से मिलाया, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा भी मजबूत किया।

## अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर में इंटीग्रेटेड पैक हाउस में चोरी का मामला उठाया

# 11 कम्प्रेशर और कॉपर पाईपें चोरी मामले में तत्कालीन मंडी सचिव और सहायक उपनिरीक्षक निलंबित

**उच्च स्तरीय जांच करने , अधिकारियों . कर्मचारियों को निलंबित तथा पुनः दोषियों के विरूद्ध एफआईआर करने की बात कही।**







**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने विधानसभा में बुरहानपुर की रेणुका कृषि उपज मंडी में इंटीग्रेटेड पैक हाउस,केला कोल्ड स्टोरेज में चोरी पर सरकार का ध्यानार्षित कराते हुए कहा कि इससे किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है,उनमें आक्रोश है। चिटनिस ने कहा कि जांच में देरी और सभी पहलुओं पर उच्च स्तरीय जांच करने,संबंधित अधिकारियों. कर्मचारियों को निलंबित तथा पुनः दोषियों के विरूद्ध एफआईआर करने की बात कही। जिस पर कृषि मंत्री एंदलसिंह कंसाना ने सदन में अतिशीघ्र उच्च स्तरीय जांच कराने, तत्कालीन मंडी सचिव एवं संलिप्त कर्मचारियों को निलंबित करने और दोषियों के विरूद्ध पुनः एफआईआर दर्ज कराने की बात कही।

**तत्कालीन मंडी सचिव और सहायक उपनिरीक्षक निलंबित**

श्रीमती अर्चना चिटनिस द्वारा विधानसभा में उक्त मामला उठाने के बाद विभागीय कार्यवाही की गई। की गई कार्यवाही में तत्कालीन मंडी निरीक्षक ,प्रभारी सचिव वर्तमान में कृषि उपज मंडी सेंधवा.बड़वानी को कृषि उपज मंडी समिति बुरहानपुर में पदस्थी के दौरान हुई चोरी के मामले में जवाबदेही तय करते हुए निलंबित किया गया। वहीं कृषि उपज मंडी समिति बुरहानपुर में के सहायक उपनिरीक्षक माणकलाल गंभीरे पदीय कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि जिला बुरहानपुर प्रदेश में मुख्य केला फसल उत्पादक क्षेत्र है। वर्ष 2024 से इंटीग्रेटेड पैक हाउस,केला कोल्ड स्टोरेज के अनुपयोगी होने से मंडी बुरहानपुर को आर्थिक क्षति के साथ किसानों का केला रायपिनिंग चैम्बर का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। जिस पर मंत्री एंदलसिंह कंसाना ने कृषि उपज मंडी में पुनः इंटीग्रेटेड पैक हाउस ,केला कोल्ड स्टोरेज को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने हेतु नवीन मशीनों की स्थापना की जाएगी। जिससे किसान फिर से इंटीग्रेटेड पैक हाउस का लाभ ले सकेंगे।

**रखरखाव का जिम्मा एम.के. ट्रेडर्स जिला मुरैना के पास रहा**

बुरहानपुर की नवीन कपास मंडी प्रांगण, रेणुका माता रोड में वर्ष 2016 में इंटीग्रेटेड पैक हाउस ,केला कोल्ड स्टोरेज का निर्माण 8.41 करोड़ रूपए की लागत से कराया गया था। जिसके रख.रखाव हेतु 25 जनवरी 2019 से 24 जनवरी 2024 तक के लिए एम.के.ट्रेडर्स जिला मुरैना को राशि 4.05 लाख प्रतिवर्ष में दिया गया था। 11 मार्च 2024 के उपरांत भी तत्कालीन मंडी सचिव व कर्मचारियों के सहयोग से एम.के.ट्रेडर्स जिला मुरैना को इन्ट्रीग्रेटैड पैक हाउस,केला कोल्ड स्टोरेज का नियंत्रण रहा।

**लगभग 25 लाख के पाट्र्स चोरी का अनुमान**

1 मई 2025 को संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड एवं एपीडा भारत सरकार के निरीक्षण दल द्वारा बुरहानपुर की नवीन कपास मंडी प्रांगण,रेणुका माता रोड में इंटीग्रेटेड पैक हाउस ,केला कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया गया। जिस दौरान उन्होंने पैक हाउस की साफसफाई कर उसको पुनःसंचालित करने हेतु निर्देश दिए। जिसके बाद साफसफाई के दौरान 2 मई 2025 को ज्ञात हुआ कि इंटीग्रेटेड पैक हाउस की मशीन में लगे 11 कम्प्रेशर और कॉपर पाईप गायब है, जिसकी लागत लगभग 25 लाख है।

## 400 परिवारों की जमीन कबीर पंथ ट्रस्ट को अस्थायी कब्जा देने पर बवाल, किया प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शहर के मालवीय वार्ड क्रमांक 16 के रहवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर 146683 वर्गफीट भूमि के कथित फर्जी नामांतरण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। 400 से अधिक परिवारों का आरोप है कि जिस जमीन पर वे 1984 से शासन के पट्टों के आधार पर रह रहे हैं, उसी जमीन को 2010.11 में कबीर पंथ ट्रस्ट को पौधारोपण के लिए अस्थायी कब्जे में देने का उल्लेख खसरे में किया गया, जबकि ऐसा कोई आधिकारिक प्रकरण ही अस्तित्व में नहीं है।

**फर्जी प्रकरण का आरोप, रहवासियों को नहीं मिली नस्ती:-** रहवासियों ने जब पट्टा नवीनीकरण के लिए आवेदन किया तो सामने आया कि उनकी जमीन का नामांतरण कबीर पंथ ट्रस्ट के नाम दर्ज है। रहवासियों की ओर से अधिवक्ता संतोष देवताले का आरोप है कि जिस आदेश क्रमांक का हवाला खसरे में दिया गया हैए वह किसी और के नाम का है। असल में वह प्रकरण मून ऑटो पाट्र्स,बाबू अहमद के नाम पर दर्ज था। दायरा पंजी 2011 अवलोकन में यह खुलासा हुआ कि ट्रस्ट के पक्ष में जो उल्लेख है,वह अवैध,असत्य और फर्जी है।

**जहां मंदिर को दी जमीन, वहां हैं स्कूल, आंगनवाड़ी और जल स्टेशन:-** स्थानीय निवासियों ने बताया कि उक्त भूमि पर सिर्फघर ही नहीं हैं,बल्कि वर्तमान में शासकीय पाठशाला भी संचालित है जिसमें 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी भी अध्ययनरत है। इसके अतिरिक्त खेल मैदान है। प्राचीन महादेव मंदिर,पूरे वार्ड में सप्लाई किए जाने वाले पानी का सबमर्सिबल पंप स्टेशन भी इसी भूमि के तहत निर्मित है। आंगनवाड़ियों के केंद्र भी इसी भूमि के तहत आते हैं। फिर यह सवाल उठता है। क्या शासन इन सभी व्यवस्थाओं को नजरअंदाज कर केए ट्रस्ट को ज़मीन देने का आदेश दे सकता है।

**1984 से रह रहे हैं लोग, फिर भी नामांतरण:-** अधिवक्ता संतोष देवताले, अनिल पवार, प्रदीप नाविक, अमर चौधरी सहित बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने कहा हमारे पास शासन से मिले स्थाई पट्टे हैं। नगर निगम को टैक्स अदा करते हैं, तो फिर हमारी भूमि कबीर पंथ ट्रस्ट को कैसे दी जा सकती है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया कि इस पुरे प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**जांच होगी, जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी :-** ज्ञापन लेने के बाद एडीएम वीरसिंह चौहान ने आश्वासन दिया कि यह गंभीर मामला है। अगर खसरे में गलत नामांतरण किया गया है, तो हम जांच कराकर सच्चाई सामने लाएंगे। जो भी जिम्मेदार होगा, उस पर कार्रवाई होगी।

## बिल्वेश्र महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** मनोज टॉकीज ताप्ती रोड पर बिल्वेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ संपन्न हुई। तंजु श्रीवास्तव ने बताया प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के तहत सोमवार को विशाल कलश यात्रा निकली गई। इस कलश यात्रा में महिलाएं, पुरूष, बच्चे बडी संख्या में शामिल हुए। महिलाओं,युवतियों ने कलश यात्रा में कलश सिर पर धारण किए हुवें थी।

मंगलवार को विधी विधान पुर्वक प्राण प्रतिष्ठा की गई। सुंदर कांड का पाठ किया गया। बुधवार को महाप्रसादी का वितरण किया गया। बताया जाता है कि सावन माह के पावन पर्व पर बिल्वेश्वर महादेव की स्थापना का बड़ा महत्त्व है।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री से सांसद पाटील ने की भेंट



**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्षस्थ नेता, संगठन के शिल्पकार एवं राष्ट्रनीति के दृढ़ मार्गदर्शक,भारत सरकार के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से आज नई दिल्ली में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के माध्यम से राष्ट्रसेवा के 2,258 दिनों से अधिक के उनके अथक, निरंतर और समर्पित प्रयासोंकृजो मां भारती की सुरक्षाए सम्मान और गौरव की पराकाष्ठा को समर्पित हैं के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री अमित शाह जी का राष्ट्र और संगठन के प्रति अटूट समर्पण हम सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर भोपाल से सांसद आलोक शर्मा एवं छिंदवाड़ा से सांसद बंटी विवेक शाहू भी उपस्थित रहे।

## खुशी के पल संस्था ने मनाई तीज, पारंपरिक वेशभूषा में दिखी महिलाएं



**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** बुरहानपुर की मानवता को समर्पित संस्था खुशी के पल द्वारा तीज फेस्टिवल बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक विद्यभूषण पहन कर हिस्सा लिया यह जानकारी खुशी के पल संस्था की संयोजीका श्रीमती हरप्रीत कीर ने दी उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा यह तीसरा वर्ष है जो यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रतियोगिता एवं तीज के गानों पर महिलाओं द्वारा नृत्य भी किए गए श्रीमती तीज एवं मिस तीज का भी ईनाम रखा गया था और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था भी की गई थी एवं संस्था द्वारा वर्ष भर किए गए कार्य की जानकारी भी सभी सदस्यों को दी गई।

खुशी के पल संस्था द्वारा आयोजित तीया दी तीज उत्सव में तीज क्वीन का ताज कनक वासवानी को प्राप्त हुआ है रैम्प वॉक में महिलाओं ने अपना जलवा बिखेरा एवं परी हूँ मैं गाने पर रैम्प वॉक किया ण्ण् रैम्प वॉक में प्रथम स्थान तानिया वासवानी दूसरा स्थान पूर्वा चौधरी एवं शबनम मेहता तीसरे स्थान पर रही 3और डान्स में कंचन सलूजा ने पहला स्थान प्राप्त किया मिशिता सचदेवा एवं मान्या सबलानी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है तीज उत्सव में बहुत से गेम भी खिलाए गये जिसमें भी मानया एवं मिशिता ने गेम में भी स्थान प्राप्त किया बहुत से कॉम्प्लीमेंटरी अवाड्र्स भी बाँटे गए ,जिन्हें सीमा सैनी,लक्की कीर एवं रश्मि सलूजा ने अवार्ड अर्जित किए।

## सार्वजनिक स्थानों, चौराहों पर पुलिस की सक्रियता



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थानाध्चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 06/08/2025 को थाना / चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण कियाए भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों,बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट न करने के रहा है जागरूक। बुरहानपुर पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता हैए तो उसके खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 300 किसान, 287 हेक्टेयर डूबी ज़मीन और मुआवज़ा नही मिला तो गूंजा पत्थर खाओ आंदोलन



**नवभारत न्यूज, खकनार।** मध्यप्रदेश के नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के खकनार विकासखंड में पांगरी मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों का सब्र अब जवाब देने लगा है। रविवार को किसानों ने सरकार की बेरुखी के खिलाफविरोध का एक ऐसा तरीका चुनाए जिसे देखकर हर आंख भर आई। सैकड़ों किसान शिव मंदिर परिसर में एकत्र हुए कृ लेकिन हाथों में थाली नहीं थी ]पत्तल थी3 और उस पर परोसा गया था भोजन नहीं,पत्थर।

किसानों ने सागवान की पत्तलों में बड़े.बड़े पत्थर परोसे और उन्हें खाने की कोशिश की ,सांकेतिक तौर पर ही सही,लेकिन सरकार के सामने एक सवाल छोड़ दिया। क्या अब हम पत्थर खाएं।

**287 हेक्टेयर डूब में, 300 किसान प्रभावित कृ मुआवजा अब तक अधूरा :-** पांगरी बांध परियोजना के चलते करीब 300 किसानों की 287 हेक्टेयर जमीन डूब क्षेत्र में चली गई है। कई किसानों के पास तो यही एकमात्र सहारा था। लेकिन अब तक उन्हें मुआवजे की राशि पूरी नहीं दी गई। किसानों का कहना है कि सरकार हमें सिर्फआश्वासन दे रही हैए हकीकत में हमें मिला कुछ नहीं। हमें नियमानुसार मुआवजा चाहिएए ताकि हम फिर से खड़े हो सकें।

**शिव मंदिर बना गवाह :- जहां सिर्फ पूजा नहीं, भूख की पुकार गूंजी:-** शिव मंदिर, जो अब तक सिर्फ भक्ति का केंद्र था,रविवार को विरोध का केंद्र बन गया। किसानों ने पत्थर से भरे पत्तलों को आगे रखकर जमीन पर बैठकर वही दृश्य रचा, जैसे भोजन के लिए कतार में लोग बैठे हों। लेकिन जब लोगों ने पास जाकर देखा, तो पत्तलों में दाल.रोटी नहींए पत्थर रखे थे। इस विरोध में न कोई राजनीतिक झंडा था,न कोई मंच। थी तो सिर्फ चुप्पी, आँखों में आंसू और होंठों पर सवाल। किसानों का कहना है कि अगर प्रशासन ने अब भी नहीं सुना, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र होगा।

**कृषि जगत के जननायक** — पूर्व सांसद स्व . ठाकुर महेन्द्रसिंहजी की छपि एक ईमानदार, कर्मठ , चरित्रवान व बहुमुखी प्रतिभा वाले राजनीतिज्ञ थे

# पूर्व सांसद स्व . ठाकुर महेंद्र सिंह के पुण्य स्मरण पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवासदन शिक्षा समिति बुरहानपुर के पूर्व अध्यक्ष, शिक्षा-सहकारिता व कृषिजगत के जननायक, जनजन के हृदय में बसने वाले, पूर्व सांसद खण्डवा व बुरहानपुर शहर के प्रथम महापौर स्व. ठाकुर महेन्द्रसिंहजी की पुण्यतिथि के अवसर पर सेवासदन महाविद्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां यह उल्लेखनीय है कि स्व. ठा. महेन्द्रसिंह ने तीन दषकों तक निमाड़ की सक्रिय राजनीति में रहकर जनता जनार्दन की सेवा की। पिता स्व. ठा. नवलसिंह के मार्गदर्षन एवंज्येष्ठ भ्राता स्व. ठा. शिवकुमारसिंह के नक्षे कदमों पर चलकर जनहित में काम किया और लोकतंत्र को मजबूत किया। स्व. ठा. महेन्द्रकुमारसिंह की छवि एक ईमानदार, कर्मठ, चरित्रवान एवं बहुमुखी प्रतिभा वाले राजनीतिज्ञ के रूप में थी। वे विकास कार्यों में विषेष रूचि रखकर भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र निर्माण के समर्थक थे। क्षेत्र की अनेकों राजनीतिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्थाओं में आप सक्रिय रहे। छात्रसंघ एनएसयूआई के अध्यक्ष, हनुमान व्यायामशाला के अध्यक्ष, श्रम संगठन इंटक के अध्यक्ष, दो दषकों तक सेवासदन शिक्षा समिति के निर्वाचित अध्यक्ष, लायंस क्लब के अध्यक्ष, क्षत्रीय राजपूत महासंघ नागपुर ऑल इंडिया लेवल के अध्यक्ष, क्षत्रीय राजपूत समाज ट्रस्ट, बुरहानपुर के अध्यक्ष समेत दर्जनों समितियों एवं संस्थाओं में आपने काम किया। आज वे हमारे बीच नहीं है किंतु उनकी स्मृति हमारे बीच अवष्य है, हमारे मन मस्तिष्क में, हमारी आत्मा में, हमारे अवचेतन में वे सदैव रहेंगे। इस अवसर पर सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर, श्री ठाकुर सुरेन्द्रसिंजी पूर्व विधायक बुरहानपुर, उपाध्यक्ष श्री जयंतीलाल सोमैय्या, सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला, सहसचिव श्री. के.डी. पटेल, कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र लाड, श्री विनोद शंखपाल, श्री गुलाब मंसूरी, श्री धवलराज ठाकुर, श्री हर्षितसिंह ठाकुर, श्री ठाकुर आदित्यवीरसिंह, श्री विष्वजितसिंह ठाकुर, श्री ठाकुर देवेष्वरसिंह, ठाकुर जगदीषसिंह सेंगर, श्री राजेन्द्रसिंह ठाकुर, डॉ. एस.एम. तारिक मैनेजर श्री मनीष पटेल, शोएब कुरैषी, श्री निर्मित शाह, डॉ. जगदीष आसखडके (प्राचार्य सेवासदन षिक्षा महाविद्यालय), डॉ. मोहनलाल सोनी (प्राचार्य सेवासदन विधि महाविद्यालय), डॉ. राहुल राठौर (प्राचार्य सेवासदन प्रबंधन महाविद्यालय), डॉ. हर्षद दीक्षित (प्राचार्य सेवासदन हा.से. स्कूल), डॉ. नेहा चौधरी (प्राचार्य जीएनटी मांटेसरी एंड प्रायमरी स्कूल) सहित समस्त महाविद्यालयीन एवं स्कूल स्टॉफने स्व. ठाकुर महेन्द्रसिंहजी को श्रद्धासुमन चढाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।